भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.: 3783
उत्तर देने की तारीख: 11.08.2026

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के छात्रों के लिए आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों का वित्तपोषण

3783. श्री कुंदुरु रघुवीर:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार तेलंगाना में विभिन्न केंद्रीय क्षेत्र और केंद्र प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आवासीय विद्यालय और छात्रावासों की स्थापना, उन्नयन और रखरखाव हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करती है;
(ख) यदि हां, तो गत पांच वर्षों के दौरान श्रेणी-वार और जिला-वार स्वीकृत, कार्यात्मक, निर्माणाधीन और प्रस्तावित आवासीय विद्यालयों तथा छात्रावासों का ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजन हेतु आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधि कितनी है;
(ग) क्या सरकार ने उक्त संस्थाओं में अवसंरचना, छात्रावास क्षमता, शिक्षकों के रिक्त पदों, छात्रों के नामांकन, अधिभोग स्तर और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी निष्कर्ष क्या हैं;
(घ) क्या नए आवासीय विद्यालयों या छात्रावासों की स्थापना के लिए तेलंगाना सरकार का कोई प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास लंबित है और इसके क्या कारण हैं; और
(ङ) उक्त संस्थाओं के समय पर वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना और प्रभावी निगरानी को सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(श्री रामदास अठावले)

(क): सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की एक केन्द्र प्रायोजित योजना, प्रधान मंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के छात्रावास घटक के अंतर्गत अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए छात्रावासों के निर्माण के लिए केवल नए प्रस्तावों पर विचार किया जाता है। योजना के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, पीएम-अजय के तहत

मौजूदा एससी छात्रावासों के उन्नयन या विस्तार का कोई प्रावधान नहीं है। छात्रावासों के प्रस्तावों को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और केन्द्रीय विश्वविद्यालयों से प्राप्त आवश्यकता मूल्यांकन सर्वेक्षणों और सिफारिशों के आधार पर अनुमोदित किया जाता है। तथापि, पीएम-अजय के अंतर्गत स्वीकृत परिचालित छात्रावासों की मरम्मत के लिए छात्रावास के प्रचालन के बाद प्रत्येक पांच वर्ष में एक बार कार्यान्वयन एजेंसियों को केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है।

इसके अलावा, लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ), सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा दो मोड में कार्यान्वित की जाने वाली एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है। मोड-I में, अनुसूचित जाति के मेधावी छात्रों को गुणवत्तापरक आवासीय शिक्षा प्रदान करने के लिए निजी आवासीय स्कूलों (सीबीएसई/राज्य बोर्ड से संबद्ध) को फीस की प्रतिपूर्ति की जाती है और मोड-II में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए आवासीय/गैर-आवासीय स्कूल और छात्रावास चलाने के लिए गैर-सरकारी संगठनों/स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान सहायता दी जाती है।

जनजातीय कार्य मंत्रालय बालकों और बालिकाओं दोनों के लिए जनजातीय छात्रों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा प्रदान करने के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) नामक केंद्रीय क्षेत्र की योजना कार्यान्वित कर रहा है। ईएमआरएस निर्धारित मानदंडों को पूरा करने वाले जनजाति बहुल ब्लॉकों में स्थापित किए जाते हैं। अब तक, देश भर में 728 ईएमआरएस को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 508 कार्यरत हैं।

(ख): पीएम-अजय छात्रावास घटक के तहत, गत पांच वर्षों के दौरान, हैदराबाद, तेलंगाना में 500 सीटों की कुल क्षमता वाले बालकों और बालिकाओं के लिए एक-एक एससी छात्रावासों को मंजूरी दी गई थी, जिसके लिए 7.50 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई थी। जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत, 23 ईएमआरएस को मंजूरी दी गई है और ये सभी कार्य कर रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान 10,199 छात्र नामांकित हैं। तेलंगाना राज्य में स्वीकृत और परिचालित ईएमआरएस का ब्यौरा **संलग्नक** में दिया गया है।

(ग) और (घ):पीएम-अजय के अंतर्गत तेलंगाना में स्वीकृत छात्रावासों के संबंध में ऐसा कोई मूल्यांकन नहीं किया गया है। इसके अलावा, सीबीएसई से संबद्ध ईएमआरएस ने 2025-26 के दौरान स्कूल गुणवत्ता मूल्यांकन और आश्वासन फ्रेमवर्क (एसक्यूएएएफ) के तहत स्व-मूल्यांकन किया था। एसक्यूएएएफ में पाठ्यक्रम, शिक्षाशास्त्र और मूल्यांकन; अवसरंचना; मानव संसाधन; समावेशी प्रथाएं; प्रबंधन और शासन; नेतृत्व; और लाभार्थी संतुष्टि सहित सात डोमेन शामिल हैं। आज की तारीख में पीएम-अजय पोर्टल पर तेलंगाना सरकार से एससी छात्रावासों के निर्माण का कोई नया प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ङ): पीएम-अजय योजना के कार्यान्वयन की निगरानी करने के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन/चिंतन शिविर और क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं, जिनमें राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की भागीदारी आमंत्रित की जाती है। इसके अतिरिक्त, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ मासिक समीक्षा की जाती है। प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए केंद्र, राज्य और जिला स्तर पर गठित निर्धारित समितियों द्वारा भी इस योजना की निगरानी की जाती है।

ईएमआरएस के संबंध में, जनजातीय छात्रों के लिए राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस), राज्य ईएमआरएस समितियों और जिला स्तरीय ईएमआरएस समितियों के माध्यम से निगरानी और कार्यान्वयन किया जाता है। प्रबंधन, जवाबदेही और निधियों की समय पर उपलब्धता को सुदृढ़ करने के लिए केन्द्रीकृत भर्ती, प्रचालनात्मक दिशा-निर्देश, क्षमता निर्माण कार्यक्रम और सीधे स्कूलों को आवर्ती अनुदान जारी करने की भी व्यवस्था की गई है।

संलग्नक

"अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के छात्रों के लिए आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों का वित्तपोषण" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3783, के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक

तेलंगाना राज्य में स्वीकृत और परिचालित ईएमआरएस का ब्यौरा इस प्रकार है:

क्र.सं.	जिला	ब्लॉक/तालुका	निर्माण की स्थिति	संचालन की स्थिति	नामांकन 2025-26
1	आदिलाबाद	इंद्रावेली	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	450
2	आदिलाबाद	नारनूर	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	420
3	आदिलाबाद	उतनूर	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	475
4	भद्राद्री कोठागुडेम	चेरला	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	436
5	भद्राद्री कोठागुडेम	दम्मापेट	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	454
6	भद्राद्री कोठागुडेम	डुम्मुगुडेम	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	445
7	भद्राद्री कोठागुडेम	गुंडला	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	415
8	भद्राद्री कोठागुडेम	मुल्कलापल्ले	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	436
9	भद्राद्री कोठागुडेम	पलवांचा	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	450
10	भद्राद्री कोठागुडेम	टेकुलापल्ले	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	445
11	कामारेड्डी	गांधारी	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	442
12	खम्मम	सिंगरेनी	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	430
13	कोमाराम भीम आसिफाबाद	सिरपुर	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	454
14	महबूबाबाद	बय्याराम	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	443
15	महबूबाबाद	गुडूर	कार्य प्रगति पर है	कार्यरत है	391
16	महबूबाबाद	कोठागुडेम	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	442
17	महबूबाबाद	कुरावी	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	470
18	महबूबाबाद	कुरावी	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	459
19	महबूबनगर	बालानगर	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	453
20	नागरकुरनूल	जदचेरला	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	457
21	निजामाबाद	इंदलवाई	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	467
22	राजन्ना सिरसिल्ला	कोनारावपेट	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	423
23	राजन्ना सिरसिल्ला	येलारेड्डीपेट	पूरा हो चुका है	कार्यरत है	442
कुल					10,199

*****